# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## शिक्षक दिवस पर शिक्षकों को किया गया सम्मानित

पंतनगर। 05 सितम्बर 2023। विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय सभागार में पी.जी. सोसाइटी द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय सेवा से इस वर्ष सेवानिवृत्त होने वाले 08 शिक्षकों को शाल एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि, कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान द्वारा किया गया। साथ ही विशिष्ट अतिथि डा. जी. वेकेन्टश्वरलु, संयुक्त निदेशक, आई.सी.ए.आर. –नार्म, हैदराबाद एवं अधिष्ठाता स्नातकोत्तर महाविद्यालय डा. के.पी. रावेरकर मंचासीन थे।

कार्यक्रम में डा. मनमोहन सिंह चौहान ने सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों के विश्वविद्यालय के उत्थान में उनके योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा की शिक्षकों द्वारा विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्तायुक्त शिक्षा दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षक का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण होता है जिनके दिशा–निर्देश में विद्यार्थी विश्व में ख्याति प्राप्त करते हैं। उन्होंने भारतवर्ष को 2047 तक विकासशील देश को विकसित देश बनाने पर सभी से सहयोग की बात कही। मानव संसाधन में गुणवत्ता लाने हेतु वैज्ञानिकों को शोध पर नवोन्मेषी कार्य किये जाने की आवश्यकता पर बल दिया। विश्वविद्यालय वेबसाइट पर फिड बैक फार्म को अपलोड किया है जिसको विद्यार्थियों को भरने हेतु आह्वान किया। उन्होंने सभी वैज्ञानिकों और शिक्षकों से अपना बायोडाटा विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने को कहा जिससे उन्हें एक्सपर्ट के रूप में कार्यक्रम में आमंत्रित किया जायेगा। उन्होंने सभी से दो कार्यों पहला विश्वविद्यालय हित में सभी कार्यों को किया जाना चाहिए और दूसरा अपने दायित्वों का निर्वहन ईमानदारी एवं पूर्ण लगन से करना चाहिए। किसी भी कार्यों को सकारात्मक सोच के साथ करना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि द्वारा गुरू एवं शिष्य परम्परा पर प्रकाश डालते हुए इसके महत्व का वर्णन किया गया। डा. के. पी. रावेरकर द्वारा इस अवसर पर सेवानिवृत्त होने वाले शिक्षकों का अभिनन्दन करते हुए उन्हें भावभीनी विदाई दी। कार्यक्रम में सेवानिवृत्त शिक्षकों डा. सलील तिवारी, डा. शहनाज जहां, डा. वी.के. गुप्ता, डा. मनोज कुमार, डा. मालविका दास एवं डा. पी.के. सिंह को शाल ओढाकर एवं स्मृति चिन्ह अतिथियों द्वारा भेंट कर सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सभी महाविद्यालयों के अधिष्ठाता, निदेशक, विभागाध्यक्ष, संकाय सदस्य, शिक्षक एवं विद्यार्थी उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर महाविद्यालय डा. के.पी. रावेरकर एवं कार्यक्रम का संचालन स्टाफ काउंसलर, पी.जी. सोसाइटी डा. शिव कुमार दुबे द्वारा किया गया। पी.जी. सोसाइटी की सह–स्टाफ काउंसलर डा. प्रणीता सिंह ने धन्यवाद ज्ञापित किया।



*शिक्षक दिवस के अवसर पर उपस्थितजनों को संबोधित करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान।*



*कार्यक्रम में डा. सर्वपल्लीराधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण करते कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान एवं अन्य।*

**निदेशक संचार**